अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2017
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** किस तिथि को मंगल पाण्डेय को फाँसी दी गयी थी। **(1)**

(A) 18 फरवरी 1857 (B) 28 मार्च 1857
(C) 8 अप्रैल 1857 (D) 27 अप्रैल 1858

**2.** 'भारत छोडो आन्दोलन' प्रारम्भ किया गया। **(1)**

(A) 1946 ई. (B) 1942 ई.
(C) 1930 ई. (D) 1932 ई.

**3.** गाँधी जी दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद प्रथम सफल सत्याग्रह आन्दोलन कहाँ प्रारम्भ किया था? **(1)**

(A) दाण्डी (B) खेड़ा
(C) बारदोली (D) चम्पारन

**4.** थियोसोफिकल सोसाइटी का निम्मलिखित में किससे विशेष सम्बन्ध रहा है- **(1)**

(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (B) बहिष्कार एवं स्वदेशी
(C) असहयोग आन्दोलन (D) होम रूल

**5.** वायुमण्डल का भार सर्वाधिक किस मण्डल पर होता है- **(1)**

(A) क्षोभ मण्डल (B) आयन मण्डल
(C) आयन मण्डल (D) ओजोन मण्डल

**6.** भारत के उत्तरी राज्यों में शीत ऋतु में वर्षा किस प्रकार की होती है- **(1)**

(A) संवहनीय (B) मानसूनी
(C) चक्रवातीय (D) पर्वतीय

**7.** उत्तर प्रदेश की निम्न परियोजनाओं में से कौन पेयजल परियोजना नहीं है- **(1)**

(A) गोकुल वैराज परियोजना (B) ज्ञानपुर पम्प नहर परियोजना
(C) लवकुश गंगा वैराज परियोजना (D) आगरा वैराज परियोजना

**8.** उत्तर प्रदेश के दियासलाई का प्रमुख केन्द्र है- **(1)**

(A) सहारनपुर (B) मुरादाबाद
(C) मिर्जापुर (D) बरेली

**9.** उत्तर प्रदेश का प्रमुख लोक गीत है- **(1)**

(A) बिरहा (B) धमार
(C) ठप्पा (D) हादिया

**10.** 2001-2011 की जनगणनानुसार उ. प्र. की जनसंख्या में कितने प्रतिशत की दशकीय वृद्धि दर रही है- **(1)**

(A) 21.54% (B) 25.61%
(C) 20.09% (D) 25.4%

**11.** भारतीय अर्थव्यवस्था के पिछड़ेपन का सर्वप्रमुख कारण क्या है- **(1)**

(A) कृषि पर अत्यधिक निर्भरता (B) भारतीय उद्योगों का अल्प विकास

(C) देश की विशाल जनसंख्या (D) औद्योगिक रुग्णता

**12.** संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई- **(1)**

(A) 22 जुलाई 1945 ई. (B) 24 अक्टूबर 1945 ई.

(C) 24 अक्टूबर 1946 ई. (D) 14 सितम्बर 1948 ई.

**13.** प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता की गारंटी कौन सा अनुच्छेद देता है- **(1)**

(A) अनुच्छेद 27 (B) अनुच्छेद 25

(C) अनुच्छेद 20 (D) अनुच्छेद 21

**14.** हिमालय पर्वत माला की सर्वोच्च चोटी है- **(1)**

(A) एवरेस्ट (B) कंचनजंघा

(C) गॉडविन ऑस्टिन (के-2) (D) नन्दा देवी

**15.** कौन सा तत्व किसी स्थान विशेष की जलवायु को प्रभावित नहीं करता है- **(1)**

(A) पर्वतों की स्थिति (B) भूमध्य रेखा से दूरी

(C) खनिज सम्पदा (D) प्राकृतिक वनस्पति

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना किसके द्वारा की गयी थी? **(1)**

**17.** 'यंग इंडिया' नामक समाचार पत्र किसके द्वारा निकाला जाता था। **(1)**

**18.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की आधिकारिक मान्यता प्राप्त भाषाएँ कौन-कौन है? **(1)**

**19.** विश्व 'पर्यावरण दिवस' कब मनाया जाता है? **(1)**

**20.** संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान कौन करता है? **(1)**

**21.** उत्तर प्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ कौन-कौन सी है? **(1)**

**22.** उत्तर प्रदेश में लोक सभा व राज्य सभा की कितनी सीटें है? **(1)**

**23.** उत्तर प्रदेश के किस जिले में यूरेनियम पाया जाता है? **(1)**

**24.** वनोन्मूलन का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है? **(1)**

**25.** भारत का राजचिन्ह अशोक स्तम्भ (सिंह स्तम्भ) कहाँ से अनुकृति किया गया है? **(1)**

**26.** उत्तर प्रदेश की प्रमुख नदियों की लम्बाई को घटते हुए क्रम में लिखिए। **(1)**

**27.** भू-स्खलन का क्या तात्पर्य है? **(1)**

**28.** उत्तर प्रदेश की प्रमुख दो विद्युत परियोजनाएँ लिखिए। **(1)**

**29.** उत्तर प्रदेश में प्रमुख आयात क्या है? **(1)**

**30.** पर्यावरण की एक परिभाषा लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** ब्रह्म समाज की सामाजिक व धार्मिक उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** असहयोग आन्दोलन के स्वरूप एवं कारणों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**33.** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्वशान्ति की स्थापना के लिए किये गये प्रयासों की विवेचना कीजिए। **(2)**

**34.** हिमालय पर्वत की भौतिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** खनन का क्या अर्थ है? भारत में खनन व्यवसाय की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**37.** आतंकवाद क्या है? इसके प्रकारों का वर्णन कीजिए **(2)**

**38.** भारतीय खाद्य निगम पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**39.** पंचशील के सिद्धान्त लिखिए। **(2)**

**40.** नागरिक सुरक्षा संगठन का उद्देश्य क्या है? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/samajik-adhyayan/2017

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/samajik-adhyayan/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN